आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के अनुसार कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए प्रदेश सरकार के प्रयास जारी।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– बेटियों का बढ़ता वर्चस्व बेहतर भारत के निर्माण में निभाएगा दूरगामी भूमिका।
- विश्व एड्स दिवस पर हुए कई कार्यक्रम– एड्स जागरूकता को लेकर शिमला में हुई मैराथन।
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मज़बूती के लिए शिमला में 10 दिवसीय सरस मेला व फूड फैस्टिवल शुरू।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए प्रयासरत है ताकि यहां बड़े हवाई जहाज़ उतर सकें। शिमला में आज कांगड़ा ज़िला के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि ज़िले के विकास के लिए पिछले 2 वर्षों मेें अनेक योजनाएं आरम्भ की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा ज़िले में धार्मिक पर्यटन के साथ–साथ साहसिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार पौंग बांध में भी बिलासपुर की तर्ज़ पर जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने के लिए प्रयास कर रही है। इससे न केवल युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार मिलेगा बल्कि स्थानीय लोगों की आर्थिकी में भी सुधार आएगा। इस दौरान कृषि मंत्री चंद्र कुमार और आयुष मंत्री यादवेन्द्र गोमा सहित कांगड़ा ज़िले से संबंधित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

भोटा अस्पताल

हमीरपुर ज़िले में राधास्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा से जुड़े भूमि हस्तांतरण मामले को लेकर आज शिमला में बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने भूमि हस्तांतरण संशोधन विधेयक का मसौदा तुरंत तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार इस अस्पताल को राहत प्रदान करने और कार्यशील रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धर्मशाला में 18 दिसम्बर से शुरू होने जा रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन के लिए विधेयक पेश करेगी।

दीक्षांत समारोह

सोलन ज़िले के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय ने आज अपना दीक्षांत समारोह मनाया। समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने 8 सौ 16 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। समारोह में 12 स्वर्ण पदक भी दिए गए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि आज बेटियां उच्च शिक्षा व शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं जो एक सकारात्मक संकेत है क्योंकि कृषि, बागवानी व वानिकी में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि बेटियों का बढ़ता वर्चस्व बेहतर भारत के निर्माण में दूरगामी भूमिका निभाएगा। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से शोध व अनुसंधान के कार्यों से उन्नत तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर भी संतोष जताया कि विश्वविद्यालय ने प्राकृतिक खेती प्रणाली

अपनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। दीक्षांत समारोह में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर राजेश्वर चंदेल ने संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने युवाओं से अपनी समृद्ध संस्कृति व संस्कारों से जुड़े रहने का आह्वान किया है। शिमला ज़िले के राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि युवाओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार ने प्रभावी और सशक्त कदम उठाए हैं। पिछले 2 वर्षों के कार्यकाल की चर्चा करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि इस अवधि में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल सहित कृषि व बागवानी क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया गया है।

<u>जयराम ठाकुर</u>

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार चुनाव के दौरान महिलाओं से किए वायदे को पूरा करने में नाकाम रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न कार्यालयों में 10 लाख से अधिक आवेदन लंबित पड़े हैं लेकिन सरकार महिला सम्मान निधि शुरू करने में पूरी तरह असमर्थ है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मातृशक्ति के साथ प्रदेश सरकार का इस तरह का रवैया अपमानजनक और शर्मसार करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बिना तैयारी व बजट प्रावधान के महिला सम्मान निधि देने की घोषणा की थी, लेकिन अब नए–नए नियम बनाकर अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना के लाभ से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है।

<u>बीएसएफ</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा सुरक्षा बल–बी.एस.एफ. को स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि बी.एस.एफ. का देश की रक्षा पंक्ति में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि यह बल साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में बी.एस.एफ. की सतर्कता और साहस की भी सराहना की है।

<u>विश्व एड्स दिवस</u>

आज विश्व एड्स दिवस है। यह दिन दुनिया भर में लोगों को एच.आई.वी. के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एच.आई.वी. पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस जागरूकता बढ़ाने, उपचार के लिए अधिकार–आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और एच.आई.वी. से प्रभावित लोगों के खिलाफ भेदभाव को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

<u>एड्स दिवस–2</u>

विश्व एड्स दिवस पर शिमला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि एच.आई.वी. से निपटने और समग्र स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए पिछले 2 वर्षों में कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लक्षित व्यक्तियों को जागरूकता, जांच और दवाएं समान रूप से प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एच.आई.वी. जागरूकता

और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'कार बिन' पहल की भी शुरूआत की। इसके तहत पहले चरण में 4 हज़ार टैक्सियों को 'कार बिन' निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। राज्य में चरणबद्ध तरीके से सभी 30 हज़ार टैक्सियों को कवर करने की योजना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने एच.आई.वी. को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन पर सरकार की प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता मैराथन को भी हरी झण्डी दिखाई।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। ऊना में आज ईट–राइट मेले के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि इस पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। अग्निहोत्री ने ईट–राइट मेले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और ज़िला प्रशासन को ऊना ज़िले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में इस तरह के आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने ये भी कहा कि ज़िले में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं और हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए 2 हज़ार करोड़ रूपए की परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। बाद में उन्होंने हरोली विकासखण्ड के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए।

सरस मेला

इधर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मज़बूती के लिए शिमला के रिज मैदान पर 10 दिवसीय सरस मेला व फूड फैस्टिवल आज शुरू हुआ। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने इस फैस्टिवल का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि मेले में ग्रामीण क्षेत्र के उत्पादों और हिमाचली व्यंजनों को शामिल किया गया है जिससे पर्यटकों को हिमाचल की संस्कृति जानने का अवसर मिलेगा। इस मेले में हिमाचल सहित विभिन्न राज्यों के उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए हैं।

भाजपा

प्रदेश भाजपा कांग्रेस सरकार के खिलाफ 7 दिसम्बर से ज़िला स्तर पर धरना प्रदर्शन शुरू करने जा रही है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इन प्रदर्शनों के माध्यम से कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की नाकामियों को उजागर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 18 दिसम्बर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान धर्मशाला में धरना दिया जाएगा। इसी कड़ी में पार्टी ने 11 दिसम्बर को कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के खिलाफ राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया है।

बाली

राज्य पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता दे रही है। कल देर शाम टांडा मैडिकल कॉलेज में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को घरद्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। बाली ने बताया कि प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में कैजुअल्टी विभाग को स्तरोन्नत कर आपातकालीन मैडिसिन विभाग बनाए जा रहे हैं।